रक्तदान

जीवनदान

जन स्वास्थ्य सहयोग

ग्राम व पोस्ट : गनियारी

जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

2010

मानव जीवन अमूल्य है, आईये हम रक्तदान करने का संकल्प लें।

रक्तदान पूण्य का काम, रक्तदान कीजिए जीवन का तोहफा दीजिए।

'रक्तदान' – 'जीवन दान'

सियाराम को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आई है। उसके पैर की हड्डी टूट गई है और काफी खून बह गया है। डॉक्टर का कहना है कि यदि सियाराम को जल्दी खून ना दिया गया तो उसको बचाना मुश्किल हो सकता है।



मुन्नीबाई को बच्चा होने वाला है। गर्भावस्था के समय उन्होंने कभी अपनी जांच नहीं कराई। अब प्रसव समय पर जब स्वास्थ्य केन्द्र आई तो डॉक्टर ने देखकर बतलाया कि मुन्नीबाई के शरीर में रक्त की कमी है। उन्हें खून देना होगा नहीं तो प्रसव के दौरान जीवन का खतरा हो सकता है।

कई ऐसी बीमारियां होती है जिनके इलाज के दौरान रक्त की आवश्यकता पड़ती है। कभी ऑपरेशन में भी मरीज को खून देना पड़ सकता है। इन सब परिस्थितियों में मरीज को दिया हुआ खून उसके लिए एक नए जीवन के बराबर है। आपके द्वारा दिया हुआ रक्त किसी व्यक्ति को जीवन दे सकता है। रक्त का कोई और विकल्प नहीं होता।

प्रश्न : रक्तदान कौन कर सकता है?

उत्तर :
1. 18 से 60 साल के व्यक्ति ।
2. वजन 45 किलों या अधिक हो।
3. हिमोग्लोबिन 12.5 g/dl.
4. गर्भवती ना हो।

प्रश्न : रक्त दान करने से कमजोरी तो नहीं आ जाएगी?

उत्तर :

हमारे शरीर में खून की मात्रा– 5 लीटर होती है।

5 लीटर

शरीर से दिए जाने वाले खून की मात्रा

350 मि.ली.

शरीर से दान किए खून की मात्रा 350 मि.ली. ***(आधा लीटर से भी कम)*** होती है इसीलिए कमजोरी नहीं होती।

प्रश्न : रक्त दान के बाद में मेरी खून की पूर्ति कब हो जाएगी?

उत्तर : 24 घंटे में पानी की मात्रा पूरी हो जाएगी। खून के लाल कोशिकाएँ 21 दिन में पूरी हो जाएगी।

प्रश्न : रक्तदान के समय क्या होता है?

उत्तर :
1. कागज में नाम, पता, उम्र, वजन कई प्रश्न पूछे जाते हैं जिसका उत्तर बिना झिझक कर सच बताना चाहिए।
2. खून निकाल कर Hb, Group और बीमारियों की जाँच करते हैं।
3. आपके हाथ में सूई लगाकर 350 मिली. खून बैग में लिए जाएंगे।

प्रश्न : रक्तदान में कितना समय लग सकता है?

उत्तर : 10–15 मिनट।

प्रश्न : रक्तदान के बाद क्या करूँ?

उत्तर :
1. 5 मिनट आराम करें।
2. अगर चक्कर या घुमघुमासी लगे तो पैर को ऊँचे कर दें, आप ठीक हो जाएंगें।
3. परेशानी बना रहे तो नर्स/कार्यकर्ता/डॉक्टर को बताएँ।
4. पानी ज्यादा पीएँ।

5. बीड़ी, पाऊच, गुड़ाखू इत्यादि नशीले चीजों का उपयोग 30 मिनट तक ना करें।

प्रश्न : कब से काम कर सकते है?

उत्तर : उसी दिन से आप गृहकार्य, खेल–कूद, किसानी का काम कर सकते हैं।

प्रश्न : रक्तदान से बीमारी हो सकती है?

उत्तर : नहीं। हर दान के लिए नए संग्रह के सामान प्रयोग में लाऐ जाते हैं।

प्रश्न : खून के लिए मरीज से पैसे क्यों लेते हैं?

उत्तर : मरीज को खून चढ़ाने से पहले, दान किए खून में कई बीमारियों की जाँच की जाती है जैसे– HIV, Hepatitis B, Hepatitis C, VDRL, MP मरीज और दाता के खून का मिलान (cross match) भी किया जाता है। खून के बैग और इन सब जाँच के खर्च के लिए पैसे लिए जाते हैं।

प्रश्न : रक्तदान करने से पैसे मिलते हैं क्या?

उत्तर : नहीं।

प्रश्न : कितनी जल्दी दुबारा खून दे सकते हैं?

उत्तर : हम हर तीन महीने में एक बार रक्त दान कर सकते हैं।